# सेंट मारग्रेट सी० सै० स्कूल

## प्रतिदर्श प्रश्नपत्र - (2024 – 2025)

**समय 2:30 घंटे** **कक्षा–आठवीं (हिन्दी)** **अंक–60**

खंड - क ( अपठित गद्यांश)

**प्र०.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

डॉ. कलाम दृढ़ इच्छाशक्ति वाले वैज्ञानिक थे। वे भारत को विकसित देश बनाने का सपना संजोए हुए थे। उनका मानना था कि भारतवासियों को व्यापक दृष्टि से सोचना चाहिए। हमें सपने देखने चाहिए। सपनों को विचारों में बदलना चाहिए। विचारों को कार्यवाही के माध्यम से हकीकत में बदलना चाहिए। डॉ. कलाम तीसरे ऐसे वैज्ञानिक थे , जिन्हें भारत का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिया गया था । उन्हें 'पद्मभूषण ' तथा 'पद्मविभूषण' से भी सम्मानित किया गया। भारत को उन पर गर्व है। इतनी उपलब्धियाँ प्राप्त करने के बावजूद अहंकार कलाम जी को छू तक नहीं पाया। वे सहज स्वभाव के एक भावुक व्यक्ति थे। उन्हें कविताएँ लिखना, वीणा बजाना तथा बच्चों के साथ रहना पसंद था। वे सादा जीवन उच्च विचार में विश्वास रखते थे। कलाम साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। कलाम जी तपस्या और कर्मठता की प्रतिमूर्ति थे । राष्ट्रपति पद की शपथ लेते समय दिए गए भाषण में उन्होंने कबीरदास जी के इस दोहे का उल्लेख किया था - 'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब'।

(क) राष्ट्रपति पद की शपथ लेते समय डॉ. कलाम ने किस कवि के दोहे का उल्लेख किया था? 1

(ख) डॉ० कलाम के देश के प्रति क्या विचार थे? 2

(ग) डॉ० कलाम को किन - किन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था? 2

(घ) डॉ० कलाम को क्या - क्या करना बेहद पसंद था ? 1

**खंड - ख (व्याकरण)**

**प्र०.2 (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विकल्प में से चुनिए :** 1x5 =5

क - भाववाचक संज्ञा का वाक्य चुनिए :

1 मैं दिल्ली में रहती हूँ | 2 बचपन सबको अच्छा लगता है|

3 यह हार सोने का है | 4 मैं सेना में जाना चाहता हूँ|

ख - निपात छाँटिए :

1 ही 2 नहीं 3 और 4 थी

ग़ - 'काल' शब्द हेतु उचित समानार्थक शब्द चुनिए :

1 कल 2 मृत्यु 3 सर्प 4 नदी

घ - वर्तनी की दृष्टि से सही शब्द चुनिए :

1 उच्चरण 2 उच्चारण 3 उचाच्चरन 4 उच्चारन

ड - <u>'कान का कच्चा'</u> मुहावरे का अर्थ चुनिए :

1 नाराज़ होना 2 सुनी सुनाई बात पर भरोसा करना 3 कमज़ोर होना
4 शिकायत करना

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :**

1. क्रिया विशेषण शब्द रेखांकित कर भेद नाम लिखिए :- छोटे बच्चे आगे बैठें | 1

2.'के समक्ष' संबंध बोधक का वाक्य में प्रयोग करें | 1

3 <u>हाथ पाँव फूल जाना</u>' मुहावरे का अर्थ लिख कर वाक्य बनाइए | 1

4.शब्दों ,वाक्यों व वाक्यांशों को जोड़ने वाले अव्यय क्या कहलाते हैं ? 1

5.रिक्त स्थान की पूर्ति उचित विस्मयादिबोधक शब्द से कीजिए : 1

--------- तुमने बहुत अच्छा काम किया |

6.विराम चिह्नों के नाम लिखिए : 1 ० 2 ; 1

7.सावधान ! व बाप रे बाप ! विस्मयादिबोधक शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए | 2

8.वाक्य के ---- अंग होते हैं | 1

## खंड - ग (साहित्य)

**प्र०3 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

पहर दिवस जानि घर सूनो ढूंढ़ि ढूँढ़ोरि आपही आयौ।
खोलि किवारि, पैठि मंदिर मैं, दूध-दही सब सखनि खवायौ।
ऊखल चढ़ि, सींके कौ लीन्हौ, अनभावत भुइँ मैं ढरकायौ।
दिन प्रति हानि होति गोरस की, यह ढोटा कौनैं ढंग लायौ।
सूर स्याम कौं हटकि न राखै तैं ही पूत अनोखौ जायौ।

1.अर्थ स्पष्ट कीजिए -'दिन प्रति हानि होति गोरस की, यह ढोटा कौनैं ढंग लायौ। 2

2.'पहर दिवस जानि घर सूनो ढूंढ़ि ढूँढ़ोरि आपही आयौ।' इस पंक्ति में <u>आपही</u> शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है ? 1

1 यशोदा 2 कृष्ण 3 बलराम 4 सखी

3. ' किवारि' शब्द का अर्थ चुनिए ? 1

1 काम 2 दरवाजा 3 घर 4 कब

4. इस पद्यांश में कौन किसकी शिकायत कर रहा है ? 1

1 बच्चे - कृष्ण 2 कृष्ण -माँ 3 माँ - कृष्ण 4 गोपियाँ - कृष्ण

**प्र०4 निम्नलिखित ग़द्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

रुपया अगर अपना हो, तो उसे सहेजना एक ऐसा सुखद मनमोहक कार्य है कि मनुष्य उस समय सहज में ही तन्मयता प्राप्त कर लेता है। लाला झाऊलाल ने अपना कार्य समाप्त करके ऊपर देखा। पर बिलवासी जी इस बीच अंतर्धान हो गए।उस दिन रात्रि में बिलवासी जी को देर तक नींद नहीं आई। वे चादर लपेटे चारपाई पर पड़े रहे। एक बजे वे उठे। धीरे, बहुत धीरे से अपनी सोई हुई पत्नी के गले से उन्होंने सोने की वह सिकड़ी निकाली जिसमें एक ताली बँधी हुई थी। फिर उसके कमरे में जाकर उन्होंने उस ताली से संदूक़ खोला। उसमें ढाई सौ के नोट ज्यों-के-त्यों रखकर उन्होंने उसे बंद कर दिया। फिर दबे पाँव लौटकर ताली को उन्होंने पूर्ववत अपनी पत्नी के गले में डाल दिया। इसके बाद उन्होंने हँसकर अँगड़ाई ली। दूसरे दिन सुबह आठ बजे तक चैन की नींद सोए।

1 यह गद्यांश किस पाठ में से लिया गया है ? 1

2 बिलवासी जी रात को कितने बजे उठे ? 1

3 बिलवासी जी ने अपनी सोई हुई पत्नी के गले से क्या निकाला ? 1

1 सिकड़ी 2 चेन 3 चुन्नी 4 पैसे

4 संदूक़ में कितने रुपए थे ? 1

1 100 2 250 3 150 4 3OO

5 'ताली' शब्द का अर्थ चुनिए : 1

1 ताला 2 तवा 3 चाबी 4 घर

**प्र० 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अंकानुसार लिखिए :**

1.साँप उड़ने की इच्छा को मूर्खतापूर्ण मानता था,फिर भीउसने उड़ने की कोशिश क्यों की? 3

2.पेड़ के भीतर फव्वारा नहीं होता तब पेड़ की जड़ों से पत्ते तक पानी कैसे पहुँचता है? इस क्रिया को वनस्पति शास्त्र में क्या कहते हैं ? 3

3.पक्षी और बादल की चिट्ठियों को पेड़ पौधे और पहाड़ क्यों पढ़ पाते हैं ? 2

4.समुद्र के तट पर बसे नगरों में अधिक ठंड और अधिक गर्मी क्यों नहीं पड़ती? 2

## खंड - घ ( लेखन)

प्र०6. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 5

1धुएँ में डूबी दिल्ली 2 विद्यार्थी और अनुशासन

प्र०7.प्रधानाचार्या को विद्यालय में हिंदी दिवस मनाने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए | 5

अथवा

आपकी दादी/नानी जी के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए पत्र लिखिए |

प्र०8. क्रिकेट मैच के आँखों देखे हाल को ले कर दो मित्रों / सहेलियों  के मध्य  हुई बातचीत को संवाद के रूप में 80-100 शब्दों में लिखिए | 5

प्र०9. हस्तकला (हाथ से बनी सजावट की चीजों) की बिक्री हेतु सुंदर व आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए | 5